**खबर संक्षेप**

## वागीश पटेल बने प्रांत कार्यसमिति सदस्य

**मण्डला।** विश्व का सबसे बडा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस वर्ष अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर चुका है, इस उपलक्ष्य में अभाविप का अमृत महोत्सव अधिवेशन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संपन्न हुआ। जिसमें शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न प्रस्ताव रखे गए इस अधिवेशन में संपूर्ण देश से लगभग 08 हजार प्रतिनिधि सम्मिलित हुए हैं। बताया गया कि उसने केंद्र तथा राज्य सरकारों से विभिन्न पदों की रिक्तियां शीघ्र भरने का आह्वान किया है। ये रिक्तियां मिशन मोड में भरी जानी चाहिए। बीते महीनों में ओडिशा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश में रोजगार व शिक्षा के मुद्दों पर विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में बड़े आंदोलन हुए हैं। आगामी वर्ष में विद्यार्थी परिषद इन मुद्दों पर और तेज प्रयास करेगी। विद्यार्थी परिषद ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर उसने देश-भर के विद्यार्थियों से दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया है। इसके साथ ही इस अधिवेशन में सभी प्रांत कार्यकारिणियों की भी घोषणा की गई। जिसमें मंडला जिले से महाकौशल प्रांत कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल को नियुक्त किया गया। वागीश पटेल वर्तमान में अभाविप मंडला के जिला संयोजक भी है, वागीश पटेल ने विभिन्न छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया है। अपनी नियुक्ति पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है।

### चिकित्सक जिम्मेदार बनें, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएं-डॉ. सिडाना

# जिला चिकित्सालय का कलेक्टर ने देखा हाल




*** चिकित्सकों को दिये सुझाव और निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गुरूवार की शाम को कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक समय पर चिकित्सालय पहुंचकर सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। चिकित्सक जिम्मेदार बनें और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएं। ओपीडी पर चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर अर्थ जैन एवं रवि कुमार सिहाग, ईईपीआईयू जीपी पटले तथा सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि जिला चिकित्सालय में पदस्थ सभी चिकित्सक निर्धारित समय में ओपीडी में उपस्थित रहते हुए मरीजों को उपचार प्रदान करें। सुमन डेस्क को प्रभावी बनाएं। सीएमएचओ समय-समय पर जिला चिकित्सालय का भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सीटी स्केन, एक्स-रे एवं पेथोलॉजी से प्रदाय किए जा रहे सेवाओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीटी स्केन कक्ष में एपीएल, बीपीएल तथा आयुष्मान कार्डधारियों से ली जाने वाली राशि के संबंध में सूचना अंकित करें। पेथोलॉजी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों से आने वाले सेम्पल्स की संख्या तथा जांच रिपोर्ट भेजने के संबंध में जानकारी ली।

### ब्लडबैंक में पारदर्शिता रखें

ब्लडबैंक के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने रक्त की उपलब्धता के संबंध में बोर्ड में अंकित जानकारी तथा ब्लडबैंक में मौजूद ब्लड यूनिट में अंतर पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि ब्लडबैंक में रक्त की उपलब्धता के संबंध में पारदर्शिता रखें। सूचनापटल पर सही जानकारी अंकित करें। मरीजों को आवश्यकता के आधार पर रक्त उपलब्ध कराएं।

### मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखें

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय की मेटरनिटी विंग में किए गए मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। कार्य पूर्ण होने पर पेंटिंग कराएं। शौचालय को बेहतर बनाएं। साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में उपस्थित मरीजों से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया।



# जगतगुरु शंकराचार्य का आगमन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आज दोपहर 2 बजे श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्रम्हनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य पश्चिम आम्नाय द्वारिका पीठाधीश्वर अनंत श्री सम्पन्न स्वामी सदानंद जी महाराज का आगमन होने जा रहा है। शंकराचार्य महाराज यहां पर एक धर्मसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन की भव्य तैयारी की जा रही है। धर्मगुरू पं. नीलू महाराज ने बताया कि जिला मुख्यालय के मेहर बाबा कुटी प्रागंण देवदरा में 17 दिसंबर से 25 दिसम्बर तक आयोजित श्रीअष्ट महालक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन किया जाना है। जिसकी शुरूआत धर्मसभा से की जाएगी। शंकराचार्य गुरूदेव ने अपना बहुमूल्य समय देते हुए आज आने की सहमति दी है। उनका कटरा बायपास में धर्मप्रेमी भव्य स्वागत करेंगे यहां से उन्हें गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल लाया जाएगा जहां पर सामाजिक लोगों से जगतगुरू मुलाकात करेंगे और धर्म व सनातन के बारे में विस्तार से अपने विचार धर्मप्रेमियों के बीच सांझा करेंगे। यहां से वे अंजनिया स्थित वरदान आश्रम जायेंगे जहां पर उनकी पादुका पूजन होगा। सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल एवं सुधीर कांसकार ने धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचने अपील की है।

## मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में बैठक संपन्न

**मण्डला।** निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर अर्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, जिले के तीनों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्तावों की जानकारी देते हुए राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से भी प्रस्ताव प्राप्त किए गए। मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण, विशेष शिविरों की तिथि आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# उप-डाकघर कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

*** डाक घरों में कार्य ठप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश भर में अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ के सदस्य 12 दिसंबर मंगलवार से अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मियों के हड़ताल में चले जाने के कारण मंडला जिले के सभी ग्रामों में ग्रामीण शाखाघरों में कामकाज प्रभावित हो गए। जनपद पंचायत बिछिया के अंतर्गत अंजनिया उप डाकघर के कर्मचारी मुख्य डाकघर के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। डाक कर्मियों ने कहा है कि मांगो पर विचार नहीं किए जाने के कारण डाक कर्मी हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य हैं। पूर्व में कई बार अपनी मांगों को लेकर न्याय की गुहार भी लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद कोई भी विचार नहीं किया गया है।

हड़ताल कर रहे संघ के कर्मचारियों का कहना यह है कि वे अब बीओ बैग का आदान-प्रदान नहीं करेंगे। वही ब्रांच ऑफिस में लेखा जोखा भी प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। संघ की मांगों में मुख्य रूप से ग्रामीण डाक सेवकों का 8 घंटे का काम, पेंशन सहित सभी लाभ, नियमित कर्मचारियों के समान 12-24 व 36 वर्ष का लाभ, ग्रुप बीमा कवरेज को 5 लाख रुपया तक बढ़ाना। विभागीय कर्मचारियों के समान जीडीएस की ग्रेजुएट में वृद्धि 180 दिनों तक सवैतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाना और उसका नगदी करण करना, सभी शाखा कार्यालय को लैपटॉप, प्रिंटर व ब्राड बैंड नेटवर्क के साथ आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना आदि शामिल है। इस हड़ताल पर मौके पर ब्रांच पोस्ट मास्टर औरई के अलावा अंजनिया उपडाकघर के कर्मचारी मौजूद रहे है।

### डाकघर बंद हो जाने से ये कामकाज हुए प्रभावित

शासन और प्रशासन को होश में लाने डाकघरों सेवको द्वारा चलाए जा रहे इस अनश्चितकालीन हड़ताल का असर आम जनों में पड रहा है। बताया जा रहा है कि अंजनिया और उसके आसपास के गांव के उप डाकघरों में ताला जड़ जाने के कारण ग्रामीणों के कामकाजों में ब्रेक लग गया है। ग्रामीण शाखा डाकघर में जमा निकासी, पत्रों का आदान-प्रदान, पार्सल, रजिस्ट्री , रिवेन्यू टिकट आदि सारे काम प्रभावित हैं।

### डाकघर के सेवक हड़ताल पर

कामरेड राज गौतम संभागीय अध्यक्ष मंडला ने बताया कि कमलेश चंद्र कमेटी की रिपोर्ट आज तक लागू नहीं होने के कारण अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ केंद्र सरकार की वादाखिलाफी से नाराज होकर ग्रामीण डाकघर के सेवक सड़क पर उतर हड़ताल करने को मजबूर है।

## भीमडोंगरी में खुला धान खरीदी केंद्र, किसानों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



विकासखण्ड मवई की ग्राम पंचायत भीमडोंगरी में धान खरीदी केन्द्र शुभारंभ अनंत सिंह राठौर सभापति सहकारिता एवं उद्योग समिति जनपद पंचायत मवई, के मुख्य अतिथिय में, एवं ओम प्रकाश मरावी सरपंच, हनुमान जाठ उपसरपंच, हीरा धुर्वे, कन्हैया बंजारा, नैन सिंह झरिया,, एवं सबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं कृषको की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, धान खरीदी केंद्र खुलने से किसानों की फसलों का उचित दाम उन्हें नजदीकी ग्राम में ही मिल सकेगा व्यापारियों और यहां वहा अनाज जो बेचते थे उन्हें अब यहां वहां नहीं भटकना पड़ेगा और धान खरीदी केंद्र में ही धान का वाजिद मूल्य के साथ-साथ अनेकों सरकारी योजनाओं का भी लाभ किसानों को मिल सकेगा खरीदी केंद्र खुलने से ग्राम के लोगों में हर्ष व्यक्त किया।

## 108 एम्बुलेंस हुई दुर्घटनाग्रस्त



**मण्डला।** कल रात्रि लगभग 08:00 बजे मण्डला-बम्हनी के बीच पेटेगांव में एक 108 एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त रही कि 108 एम्बुलेंस के सामने का हिस्सा पूरी तरह से चूर-चूर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि दुर्घटना के बाद चालक वाहन में फंसकर रह गया था जिसे किसी तरह लोगों निकाला और उपचार हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि 108 एम्बुलेंस अत्याधिक गति से आ रही थी और सामने चल रहे किसी बड़े वाहन से जा टकराई वाहन के पीछे टकराने से ही एम्बुलेंस को इतनी क्षति पहुंची है और चालक भी गंभीर रूप से घायल है।

**सामर्थ्य** | **बच्चों की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाएँ-डॉ. सिडाना।**

# दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय सामर्थ्य प्रदर्शन

*** झंकार भवन में भी हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रत्येक बच्चे में प्रतिभा होती है, आवश्यकता है उसकी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें बेहतर मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करने की। दिव्यांगजन हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अन्य लोगों के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इस आशय के विचार कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर झंकार भवन में आयोजित जिला स्तरीय सामर्थ्य प्रदर्शन कार्यक्रम के समापन अवसर पर व्यक्त किए।

कलेक्टर ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए पढ़ाई ही एकमात्र मापदण्ड नहीं है। सैकड़ों ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने पढ़ाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन भले ही न किया हो किन्तु अपनी प्रतिभाओं के माध्यम से देश-दुनिया में अपना नाम स्थापित किया है। डॉ. सिडाना ने शिक्षकों का आव्हान किया कि वे बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए एक अभिभावक के रूप में सहभागी बनें। इस अवसर पर कलेक्टर ने विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, एपीसी केके उपाध्याय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित संबंधित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति दुबे ने किया।

### खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गई

जिला स्तरीय सामर्थ्य प्रदर्शन कार्यक्रम के प्रारंभ में महात्मा गांधी स्टेडियम में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड स्तर से चयनित लगभग 350 बच्चों ने अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात झंकार भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें दिव्यांग बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।




## निवास राजस्व विभाग में त्रुटि सुधार के केस पड़े खा रहे धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विगत तीन वर्षों से निवास/नारायनगंज तहसील कार्यालय में त्रुटि सुधार के प्रकरण दायरा पंजी में दर्ज नहीं हैं, न ही आदेश पत्रिका लिखी गई। तहसील के भी अधिकांश प्रकरण दर्ज नहीं हैं पीठासीन अधिकारी स्वयं आदेश नहीं करते हैं दो साल से सीमांकन के केस लंबित हैं जिनमें सुनवाई न करते हुये सीमांकन नहीं हुआ है, सैकड़ों केस वरिष्ठ अधिकारी के आदेश के बिना लंबित हैं जिसके कारण आवेदकगण काफी परेशान हैं पीठासीन अधिकारी न्यायालयीन कार्य ईमानदारी से नहीं कर पा रहे अधिकांश केस नक्शा बटांकन के हैं जो नहीं हो पा रहे हैं। वहीं पक्षकारों को तीन महीने से पेशियां भी नहीं मिली हैं कुछ प्रकरण दबे हुये हैं शीघ्र उक्त प्रकरणों का निराकरण किया जाना जनहित में होगा। सरकार तमाम विभागीय कार्यों को जल्द निपटाने व सुगम बनाने डिजिटलाईजेशन कर विभाग वार हर कार्यों को सरलता से निपटाने पोर्टल की सुविधा तो दी गई है लेकिन संबंधित कार्य का यह पोर्टल जिले में ही नहीं दिखाई दे रहा, राजस्व से जुड़े किसान व आवेदक बेहद परेशान हैं, वहीं राजस्व के कुछ केसों को बकील देख रहे हैं जिनसे पक्षकार पूँछ-पूँछकर थक गये लेकिन समस्या का निदान नहीं हो पा रहा, जनमाँग है कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लेकर निराकरण करें ताकि आम जनता के राजस्व से संबंधित कार्य सुचारू रूप से हो सकें।

# हर बुधवार धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में बन रही जाम की स्थिति, बड़ी घटना की आशंका बढ़ी










हरिभूमि न्यूज/साईंखेड़ा।

इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र में जिस प्रकार से तेज गति से दौड़ रहे वाहनों के चलते आये दिन घटित हो रही घटनाओं के चलते तो लोगों की जान जा रही है जिसमें डबल ट्राली लगातार चलने वाले ट्रेक्टरों की भूमिका अहिम तौर से देखने मिल रही है। यदि डबल ट्रालियां लगाकर चलने वाले ट्रेक्टरों से घटित हुई घटनाओं के बीते हुए वर्षो के गिराफ पर नजर दौड़ाई जावे तो अनेक लोगों की जाने जा चुकी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बीते हुये कुछ वर्ष पहले क्षेत्र के तत्कालीन विधायक गोविंद सिंह पटैल द्वारा भी इन डबल ट्रालियों के संचालन पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस को इनके परिचालन पर रोक लगाये जाने की बात कही गई थी और इसी बात को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा अपनी गंभीरता का परिचय देते हुए डबल ट्रालियों के ट्रेक्टरों के चलन पर रोक लगाने के आदेश दिये गये थें। मगर इस वर्ष इस प्रकार की सोच न तो क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं की देखी जा रही है और न ही प्रशासनिक अधिकारियों की जिसके चलते क्षेत्र की सड़कों पर धडल्ले से नियम विरूद्व डबल ट्राली ट्रेक्टर दौड़ते मौत का सायरन बजाने से नही चूक रहे है? वही दूसरी ओर यदि क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को पता नही इन डबल ट्रालियों का संचालन करने वाले लोगों से इतनी हम दर्दी क्यों बनी होती है जिसके चलते आये दिन इन वाहनों से घटित होने वाली घटनाओं की नजर अंदाज करते हुये इन्हे छूट प्रदान की जा, निश्चित तौर से यह सच्चाई चिंता जनक बनने से नही चूक पा रही है? इस प्रकार से नगर के पुलिस थाने के ठीक सामने से प्रतिदिन सैकड़ा की संख्या में पुलिस को वाय वाय करते हुए निकल रहे डबल ट्राली के ट्रेक्टरों को देखते हुए यह जान पड़ रहा है कि शायद पुलिस को आम जनता की जिन्दगी से कोई लेना देना ही नही रह गया है। क्योंकि बाहर से आये हुए लोगों द्वारा इस समय जिस प्रकार से नियम विरूद्व एक ट्रेक्टरों में डबल ट्राली लगाते हुए संचालन किया जा रहा है उनके प्रति पुलिस की हम दर्दी जहां चर्चा का विषय बनी हुई है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नियमों को दर किनार करते हुए इस प्रकार से डबल ट्राली के ट्रेक्टरों का संचालन करने वाले लोगों को अभयदान प्रदान किया जा रहा है उससे यह जान पड़ने लगा है शायद यह सब लक्ष्मी जी का ही कमाल है जिसके चलते प्रशासन द्वारा यातायात के नियमों को अनदेखा किया जा रहा है? क्योंकि यातायात नियम के अनुसार किसी भी ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर चलना जहां नियम विरूद्व माना जाता है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से नियम विरूद्व दौड़ने वाली ट्रेक्टर ट्राली आम बात हो चुकी है जो आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो यहां पर प्रति सप्ताह लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आने वाले लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही बच पा रही है? क्योंकि यहां से निकले हुये स्टेट हाइवे 44 साईंखेड़ा सिलवानी-गाडरवारा मार्ग बनने के बाद जहां वाहनों की आवाजाही में इजाफा हुआ है। वही दूसरी ओर इस मार्ग यानि की नगर के मुख्य बाजार से बडे बड़े वाहनों के आलवा एक ट्रेक्टर मां डबल ट्राली लगाकर निकलने के कारण लोगों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर स्कूली बच्चों की जिन्दगी पूर्णरूप से खतरे में नजर आ रही है। क्योंकि साईंखेड़ा में प्रति बुधवार को लगने बाले साप्ताहिक हाट बाजार के दिन यहां पर जहां बड़े वाहनों के निकलने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है तथा यह डबल ट्राली लगे हुए ट्रेक्टर भी आग में घी का काम करते हुए जान पड़ते है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे दुकान लगाने वाले के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा भी बना हुआ है। देखा जा रहा है कि वर्तमान में क्षेत्र की शुगर मिलों को जाने बाली गन्ना से भरे हुए डबल ट्राली के ट्रेक्टरों के आलवा क्षेत्र की रेत खदान से रेत ले जाने बाले डम्फरों की आवाजाही से दिन भर यहां पर वाहनों की भरमार रहती है जिसके चलते मुख्य बाजार में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वही लोगों की जान के लिए खतरा भी बन रहा है, जिसको लेकर लोगों का कहना है कि जब तक मुख्य मार्ग पर साप्ताहिक हाट बाजार लगेगा यह समस्या खत्म होने बाली नही है और इसको लेकर शासन प्रशासन से अनेकों बार गुहार लगाते हुए मांग की जा चुकी है कि साप्ताहिक बाजार के दिन यहां पर भारी वाहनों के आने जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से यह महसूस होने लगा है कि शायद प्रशासन किसी बड़ी घटना का अंतजार कर रहा है? अनेको बार तो यह देखा जाता है कि स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस से लेकर पुलिस विभाग के वाहन भी यहां के जाम में फंसकर काफी समय तक खड़े रहते है। इस सच्चाई को देखते हुए अब सबाल यह उठता है कि यदि इसी तरह आवश्यक सेवाओं वाले वाहन जाम में फंसे रहे तो किसी दिन कोई गंभीर घटना घटित होती है तो वहां पर क्या हाल होगा? नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते शासन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर से किसी भी कोई बड़ी घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार शासन प्रशासन ही होगा।

## खबर संक्षेप

### विकास खण्ड स्तरीय दल ने किया स्कूलों की लैब का सत्यापन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** शिक्षा में सुधार लाने की सोच को ध्यान में रखते हुये बीते दिवस समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा के प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे और जनपद शिक्षा केन्द्र साईंखेड़ा के एम आई एस कोऑर्डिनेटर वेद प्रकाश राजपूत द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवारी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसीपार की आई सी टी लेब का भौतिक और तकनीकी सत्यापन किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने स्कुलो के प्राचार्यो से लैब के रख रखाव की जानकारी ली एवं कम्प्यूटरों से जुड़ी जानकारी लेते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मोहन मुरारी दुबे ने कहा की स्कूलों को आईसीटी लैब के माध्यम से कम्प्यूटर सामग्री देने का उद्देश्य स्कुलो को हाईटेक करना है तथा सभी स्कूल आईसीटी लैबो की कम्प्यूटर सामग्री का बेहतर उपयोग करें।

### दूषित फल, सब्जियों से फ़ैल सकती है बीमारियां

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्तमान में चल रहे कोरोना वायरस के साथ साथ मौसम के मिजाज में परिवर्तन आने की वजह से मलेरिया, वायरल फीवर, जोड़ो मे दर्द की बीमारियों की चपेट में शहरवासी आ रहे है, बावजूद इसके शहर की सफाई व्यवस्था की स्थिति जहां गफलत बाजी की भेंट चढ़ते हुये नजर आ रही है। वही बाजार में धड़ल्ले से दूषित फल और सब्जियां भी बेची जा रही है? बताया जाता है इस मौसूम अनुकूल न होने से आसपास के गांवों मे सब्जियो का उत्पादन ज्यादा न होने से अन्य शहरों से जो सब्जियां बाजार में बिकने आ रही है, उनका रूप रंग तो आकर्षित रहता है, इसके अलावा फलों को भी अस्वाभाविक तरीके से पकाकर बेचा जा रहा है। शहर के चिकित्सकों का कहना है कि दूषित पानी के साथ सडी गली सब्जियां लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालती है तथा सब्जी व फलों को आकर्षित बनाने वाले रंगों के उपयोग से बहुत सी बीमारियां फैलने की सम्भावना बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि इस सच को जानते हुए कि नगर में दूषित फल, सब्जियों का विक्रय हो रहा है, मगर इसके बाद भी संबांधित विभाग पूर्ण रूप से जिस प्रकार से मौन साधे हुये वह चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहा है।

### पांच साल में खत्म हो गए हजारों हरे पेड़

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश सरकार हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाकर शहर,क्षेत्र के गांवो में छायादार,फलदार वृक्षो का रोपण करने लोगो को प्रोत्साहित करते है किंतु वृक्षारोपण अभियानो के दौरान हर वर्ष लगाए गए अधिकांश वृक्ष रख रखाव के अभाव में या तो सूख जाते है या फिर जानवरो द्वारा नष्ट कर दिए जाते है। सूत्रो के अनुसार पिछले पॉच साल में शहर व क्षेत्र के गांवो में लगाये गए हजारो पेड़ लोगों की असावधानी से ठूँठ में तब्दील हो चुके है तथा हजारो रूपया खर्च करते हुए पंचायतों में चलाया गया हरियाली महात्सव का क्या हाल यह बात किसी से छीपी हुई नही है, आज यदि उन पौधों को देखा जावे तो ट्री गार्ड में पेडो की जगह मात्र गाजर घास ही नजर आ रही है, जिससे पौधारोपण के अभियानो के महत्व पर सवालिया निशान लग रहा है। बताया जाता है कि शहर की शैक्षणिक संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयो के इर्दगिर्द पूर्व में नेताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियो ने आम, नीम, गुलमुहार, फूलो के जो पौधे लगाए थे,उनको खाद,पानी की व्यवस्था न होने से वे सूख गए है तथा उनमें लगाए गए ट्री गार्ड कबाड़ी की दुकानो पर पड़े दिखायी पड़ रहे है। विदित हो कि क्षेत्र में वन विभाग की ओर से शासन के निर्देशानुसार बीते हुए वर्षो में लगभग 40 हजार पौधो का रोपण जंगल क्षेत्र में कराया था तथा शिक्षा संस्थाओं के परिसरो में बड़ी संस्था में पौधारोपण किया गया था, लेकिन विडम्बना की बात है कि शालाओं में रोपे गए पौधो की सुरक्षा में कोताही बरती जा रही है, जिससे हरियाली बिखेरने वाले ये पौधे असमय सूखते चले जा रहे है, शहरवासियो ने विभिन्न शालाओं के प्राचार्यो से शालाओं के परिसरो में रोपे गए।

# बालश्रम कानून का नहीं हो रहा पालन योजना मात्र कागजों तक ही सीमित



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शासन द्वारा बाल मजदूरी रोकने जारी निर्देशो का पालन कराने मे जहां जिला प्रशासन नाकाम रहा है वही बाल श्रमिकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी संबंधितों को नही मिल पा रहा है। जबकि पूर्व मे कारखाना अधिनियम 1948, खदान अधिनियम 1952 जहाज अधिनियम 1958, वृक्षारोपण अधिनियम 1961 तथा मोटर परिवहन श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के कारखानों एवं खदानों, मोटर यातायात आदि पर काम मे लगाना वर्जित है, वही हर वर्ष एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है, मगर आजादी के बाद भी बाल श्रमिकों की किसी भी श्रमिक संगठन को याद नही आई, जिन बच्चों के हाथ मे किताब कापी होना चाहिए उन्हे पेट भरने के लिए कचरा बीनना, सिर पर लकड़ी का गट्टा ढोना, होटलो मे कम प्लेट धोना आदि नियति बन चुकी है, जिले मे तमाम बाल श्रमिकों की तादात लगातार बढती जा रही है, इसके बावजूद भी जिले के श्रमिक कार्यालय मे बच्चों के सही आंकड़े तक मौजूद नही है, इस तरह गरीबी व अज्ञानता के चलते आज भी इस प्रकार से हजारों बच्चों का स्कूल से नाता जुड़ नही पाया है। उन्हे दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए स्वयं कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है,शासन द्वारा जहां साक्षरता का अलख जगाने के लिए गांव गांव मे स्कूल खोले गये है तथा बच्चों को मेहनत मजदूरी से अलग रखा गया है फिर भी गरीबी के चलते बच्चे सरस्वती के वरदान से वंचित है। ग्रामीण अंचलों मे भोर मे उठना कुल्हाड़ी लेकर जंगल जाना लकड़ी काटना,भैस, गाय, बकरी चराना और रूपये कमाना जिंदगी बन गई है, शासन द्वारा करोडो की योजनाओं के बाद भी इन बेसहारा बच्चों के रहन सहन मे कोई बदलाब नही आ सका। इनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है, गरीबी और भुखमरी के चलते इन बच्चों के माता पिता चाहकर भी शिक्षा दीक्षा न दिलाकर मजदूरी करवाने को विवश है? क्या करे गरीबी अभिशाप बन गई है बच्चों का सहारा लेना जरूरी भी और मजबूरी भी बन गया है।

# चर्चित राहर घोटाले की जांच वर्षों का समय बीत जाने के बाद भी आज तक सामने नहीं आया कोई परिणाम, बीते कई साल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



शासकीय संस्थाओं में बडे स्तर के घोटाल होने के बाद उनकी जांच फाइलों वर्षो तक धूल खाते हुये जांच में नाम पर अधिकारियों द्वारा बंद निजी होटल के कमरों में औपचारिकता निभाना निश्चित तौर से सबाल खड़े करने से नही चूकती है.? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में कुछ वर्ष पहले हुआ राहर घोटाला संपूर्ण प्रदेश में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाया था तो इस घोटाले में कुछ तथा कथित व्यापारियों से लेकर अधिकारियों के शामिल होने की चर्चाये सुनाई पड़ने से प्रदेश की विधान सभा तक पहुंचने से नही बच पाया था? मगर इस तरह हुये बडे घोटाले की जांच का क्या परिणाम सामने आया था इसका इंतजार लोगों को आज भी बना हुआ है..? वही दूसरी ओर सूत्रों की माने तो बीते हुये साल यानि की दिसम्बर माह में इस राहर घोटाले की जांच करने के लिये प्रदेश की संस्कार धानी जबलपुर से कुछ अधिकारियों की आने की चर्चाये सुनी जा रही थी तो दूसरी ओर एक साल पहले आये हुये जांच दल द्वारा एक निजी होटल के कमरे में जांच किये जाने की चर्चाये भी सुनी जा रही थी.., मगर इसका खुलासा आज तक न हो पाना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? बीते हुये वर्ष नगर की एक निजी होटल में मंडी से जुडे हुये अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का मेला लगा देखा गयास था मगर परिणाम आज भी शून्य है? मगर सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि नगर हुये इतने बडे राहर घोटाले की जांच एक निजी होटल के बंद कमरे में होना निश्चित तौर से जांच दल की भूमि पर प्रश्न चिन्ह खड़े होने से नही चूक पा रही थी? क्योंकि राहर खरीदी में हुये इस बडे घोटाले की जांच को जहां वर्षो का समय बीत चुका है जिसके चलते फायले निश्चित तौर से धूल के बीच लक्ष्मी जी के आर्शीवाद से रंगीन हो चुकी होगी और माल लिया जावे कि उनका रंग छूट जाने के बाद यदि जांच शुरू हुई है तो फिर सरकारी मामले की जांच एक निजी होटल के बंद कमरे में होना फिर इतने बडे घोटाले की जांच को रंगीन करने की जुगाड बैठाने में कसर नही छोड़ी जावेगी? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि यदि वर्षो पूर्व हुये राहर खरीदी घोटाले की जांच निष्ठा के साथ समय पर हुई होती तो अब तक अनेक जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर राहर के फर्जी खरीदार भगवान कृष्ण की जन्म भूमि का पूजन करते हुये नजर आ रहे होते?

# सर्वर डाऊन रहने से परेशान हो रहे लोग शासन की सुविधा बन रही अब दुविधा

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।



सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सोच के चलते अब सभी प्रकार के शासकीय कार्यो को आन लाइन व्यवस्था से जोड़े जा रहे है, मगर ग्रामीण क्षेत्रों में यह व्यवस्था आम लोगों के लिए सुविधा की जगह दुविधा बनने में कोई कसर नही छोड़ रही है? बताया जाता है कि इस समय जहां किसानों के अनाज खरीद कार्य करने के लिए सरकार द्वार चलाई जा रही अनेक योजना से लेकर छात्र छात्राओं के लिये अनेक प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लेने के लिये पंजीयन व फार्म भरने का कार्य चल रहे है। वही सेवा सहकारी समितियों में अपने उपभोक्ताओं के लिए खाद्यान्न वितरण कार्य भी मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके चलते देखा जा रहा है कि सेवा सहकारी समितियों में प्रतिदिन अपना रजि. कराने वाली किसानों की भीड़ लग रही हैं। मगर यहां पर आये दिन सर्वर डाऊन होने के कारण किसानों के रजि. नही हो पाने की स्थिति में उन्हें खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति उन गरीबों की भी देखने मिल रही है जो सेवा सहकारी समिति में जब वह अपना खाद्यान्न लेने पहुंचते है तो वहां पर अनेक लोगों के पी ओ एस मशीन में फिंगर प्रिंट मेल नही खाने के कारण उनकी पर्ची नही मिलकर पा रही है। इस प्रकार से शासन द्वारा अच्छी सोच के चलते शुरू की गई यह सुविधा अब किसानों के साथ साथ आम लोगों के लिए दुविधा साबित होने में कोई कसर नही छोड़ रही है? वही दूसरी ओर इस तरह से सर्वर में आ रही तकनीकी खराबी के चलते यहां पर कार्य करने वाले लोगों को आम उपभोक्ताओं के कोप का शिकार होना पड़ रहा है, जिसके चलते हितग्राही व सोसाईटी में कार्य करने वाले लोगों का कहना है कि सर्वर डाउन और फिंगर की समस्या के लिए बैकल्पिक व्यवस्था होना चाहिए जिससे सभी लोगों को आसानी से शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके मगर ऐसा नही हो पाने की स्थिति में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस समस्या के निदान की ओर न तो अधिकारी ध्यान देते हुये जान पड़ रहे है और नही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिधि?

# यमदूत बन अनियंत्रित गति से एक लाईट वाले वाहनों से बड़ रही दुर्घटना

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** दुर्घटना से देर भली यह नारा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने वाली पुलिस हमेशा दोहराती रहती है, किन्तु विडम्बना की बात है कि उसकी तरफ से सड़कों पर अनियांत्रित गति से वाहन चलाने पर रोक नही लगायी जाती है,जिसकी जीतीजागती मिसाल इन दिनों ग्राम खुलरी में देखने को मिल रही है, जहां पर वर्तमान में ग्राम की सड़कों पर दो पाहिया,चार पाहिया वाहन ट्रक व ट्रेक्टर यमदूत बनकर फर्राटे से तेज गति में दौड़ते नजर आ रहे है, हालत यह है कि दोपाहिया वाहन चालक, राहगीर चार पहिया काने वाहनो को रात के समय टू व्हीलर वाहन समझने की भूल कर बैठते है और जब उन्हे सच पता चलता है तो खैरियत से घर पहुँचने की ईश्वर से प्रार्थना करने लगते है। बताया जाता है कि पुलिस के सामने से भी काने वाहनो के गुजरनें का सिलसिला चलता रहता है पर पुलिस वाहन चालको पर कार्यवाही करने की जगह हरी झंडी दे देते हुये देखी जाती है? जिसका नतीजा है कि ग्राम में सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा लगातार बढ़ता जा रहा है, यातायात व्यवस्था में बाधक साबित हो रहे फर्राटे से दौड़ते वाहनों के सम्बंध में हरिभूमि टीम से क्षेत्रवासियों ने चर्चा करते हुए कहा कि गांवो की सड़को पर बिना बैक लाईट वाले वाहनो का दौड़ाया जाना खतरनाक साबित हो रहा है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के सकरे मार्गो पर जब अनियंत्रित गाति वाले वाहन चलते है तो लोंगो का दिल दहल जाता है, पुलिस को जनहित में सड़को पर काने यानि की रात के समय वह बड़े वाहन जिनका एक लाईट ही जलता है इस प्रकार के वाहनो के दौड़ाने पर पाबंदी लगानी चाहिए। ग्रामीणों के अनुसार रात में सिंगल लाईट वाले चार पाहिया वाहनों का सड़को पर दौड़ना उचित नही है, इन वाहनों से कभी भी सड़क हादसा हो सकता है।



# पंचायती राज में अनियमितताएँ, गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

अनियमितता और मनमानी करने वालो को यत्र-तत्र जयकार होती आ रही है...? पंचायती राज में तो भ्रष्टाचार का विकेन्द्रीकरण होते हुए दिखाई दे रहा है, जिसकी अनेको शिकायते आये दिन होती रहती है.., पर उन पर क्या कार्यवाही होती है किसी को नहीं है पता...? इतना ही नहीं शिकायतो को ठंडे बस्ते में डाल देने का क्रम जारी है, यदि ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायती राज में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपने सगे संबंधियों व छुटभैया नेताओं को देना, पंचायत की राशि का दुरूपयोग करना, गरीबों के नाम पर आई योजनाओं का बंदर बांट करना आम बात होते हुए दिखाई दे रही है? परिणाम स्वरूप योजनाओं के असली हक दार योजनाओं की जानकारी के अभाव में पंचायतो की ओर ताकते रहते हैं, किंतु उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है? इस बात की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को ठेंगा दिखाने से पंचायत के कर्णधार पेट का खाना तक की योजनाओं में धांधली करने से नहीं चूक रहे हैं? अनुसूचित जाति, जनजाति और गरीब तबका आज अपने परिवार के साथ दयनीय स्थिति में है, शासन चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी वह न उन्हें ईलाज मिल पा रहा है और न ही शिक्षा तथा न ही रहने का ठौर ठिकाना अपने लिए बना पा रहा है? अक्सर देखा जाता है कि पंचायत प्रतिनिधि अपनी मनमानी के चलते रूपया कमाना अपनी शान समझते हुये पंचायती राज की धज्जियाँ उड़ते हुए देखे जाते है? जिन पंचायतों का महिलाओं द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है उन पंचायतों के कार्यों में सरपंच पतियों का हस्तक्षेप भी बढ़ा हुआ है, जिससे लोगों को पंचायती राज का लाभ नहीं मिल पा रहा है, इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा तहसील क्षेत्र के सांईखेड़ा जनपद के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल रही है? जहां पर आज भी अनेक पात्र हितग्राही शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के लाभ से बंचित घूम रहे है, स्थिति तो यहां तक देखी जाती है कि अनेक लोगों को सरकार से उनके मकान बनने की बधाई भेजी जाती है? मगर उन्हें यह तक पता नही रहता है कि उनका कौन से मकान बन गया है जिसकी उन्हें बधाई मिल रही है।

**खबर संक्षेप**

### अयोध्या से आए अक्षत कलश यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा सम्पर्क महाअभियान के तहत अयोध्या से आए अक्षत कलश यात्रा का विकास खंड मेंहदवानी के विभिन्न ग्रामों में जगह जगह भव्य स्वागत किया जा रहा है। संच के खंड मेंहदवानी में कार्यरत समस्त अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी अक्षत कलश यात्रा के साथ गांव गांव जा रहे हैं और जन जागरुकता कर गांव के मातृशक्ति पितृ शक्तियों को अक्षत चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा अक्षत कलश का दर्शन कर आशीर्वाद लिया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा अभियान के तहत खंड मेंहदवानी के सभी 12 मंडल केन्द्रों पर अक्षत कलश यात्रा चल रहा है जिसमें संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी भूमिका निभाई जा रही है।

### डुंगरिया व मानिकपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ डॉक्टर रहते हैं अनुपस्थित

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुंगरिया तथा मानिकपुर में पदस्थ डॉ. कमल मांझी तथा डॉ. संजय बाथम की निरन्तर अनुपस्थिति के संबंध में खबरों के माध्यम से शासन-प्रशासन को विगत 6 माह पूर्व से सूचित किया जा रहा था। इसके बाद भी डॉक्टरों की कार्यप्रणाली में कोई अंतर नहीं आया। बताया गया कि यह दोनों डॉक्टर अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अनुपस्थित रहते हैं तथा चुनिंदा दिन ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में सेवाएं देते हैं। लोगों ने डॉक्टरो के अप-डाउन के संबंध में पहले भी शिकायत की हैं। सूत्रों की माने तो डॉक्टरों की लापरवाही के पश्चात भी उन्हें वेतन प्राप्त हो रहा है। डॉ. कमल मांझी मानिकपुर में बिना सेवा दिए ही निरंतर वेतन आहरित करते हुए अपनी सेवाओं से त्यागपत्र देकर चले गए है जबकि पूर्व में भी खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायत पर दोनों ही डॉक्टरों को पत्र जारी कर जवाब तलब किया गया था।

## बिना निर्माण कार्य किये निकल रही सरकारी राशि

# ग्राम पंचायत में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

### जनपद सीईओ से हुई शिकायत

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** ग्रामीणों ने शहपुरा जनपद कार्यालय पहुंचकर अपने ग्राम पंचायत भीमपार के सचिव सरपंच के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए शिकायत किया गया जिस आवदेन में उल्लेख किया गया है कि भीमपार के सरपंच सचिव के द्वारा बिना कुछ निर्माण कार्य किये सरकारी राशि का फर्जी बिल लगाकर आहरण कर लिया गया है और सरकारी राशि का उनके द्वारा बंदर बाट किया जा रहा है इसके शिकायत पहले भी जनपद में किया जा चुका है लेकिन आज तक ग्राम पंचायत भीमपार के ना ही कोई जांच हुई और ना ही किसी पर कार्यवाही,



जबकि पहले भी ग्राम पंचायत भीमपार के भ्रष्टाचार की खबर आए दिन कई बार पेपरों में प्रकाशित होता रहा है लेकिन जनपद सीईओ के द्वारा इन पर कार्यवाही क्यों नहीं किया गया आखिर खामोशी का वजह क्या है आवेदक देव लाल ने जानकारी में यह भी बताया कि जब कार्यवाही नहीं की जाती तो उनके द्वारा 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है।

### शहपुरा जनपद क्षेत्र के पंचायतों में चल रहा धुंधले बिलों का खेल-

डिंडोरी जिला के शहपुरा जनपद क्षेत्र के पंचायत में धुंधले बिल का खेल बड़ी जमके चल रहा है और इन पर कोई एक्शन नहीं लिया



जाता इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत भीमपार हैं जहां पर फर्जी बिल आहरण करने के लिए बिलों को धुंधले करके लगा दिया जाता है जिससे कि कोई भी इस धुंधले बिल को ना देख सके । इसकी शिकायत भी जनपद सीईओ को पहले भी किया जा चुका था लेकिन इसके बाद भी जनपद सीईओ के कानों में जूं तक नहीं रेंगा । जिस कारण पंचायत के सचिव सरपंचों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और लगातार ऐसे बिलों का धड़ल्ले से भुगतान होते जा रहे हैं पेपरों में प्रकाशित तो होते है लेकिन उन पर कार्यवाही नहीं, इससे यह लगता है कि कहीं ना कहीं उच्च अधिकारियों की मौन सहमति हैं।

## कलेक्टर ने जनपद पंचायत अमरपुर में किया प्रातः भ्रमण, दिए आवश्यक निर्देश



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज प्रातः भ्रमण के दौरान सीएम राइज स्कूल खुड़िया और देवरी निर्माण कार्य निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से चर्चा की। निर्माण एजेंसियों को समय पर निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा ने भाखा माल जनपद पंचायत अमरपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद स्टॉफ से हेरिटेज मदिरा निर्माण के बारे में जानकारी ली, मदिरा निर्माण में अच्छी गुणवत्ता वाला महुआ प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर ने भाखा माल में कपिल धारा कूप के हितग्राहियों से की चर्चा-

कलेक्टर विकास मिश्रा ने भाखा माल जनपद पंचायत अमरपुर में निरीक्षण के दौरान कपिल धारा कूप के हितग्राही लल्लू सिंह और करण सिंह से चर्चा की। उन्होंने हितग्राहियों के कूप निर्माण का मुआयना किया। साथ ही पानी के उपयोग किस किस फसल के लिए करेंगे, आगे की क्या कार्य योजना है, इस बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं।



### कलेक्टर ने अमरपुर में कंटूर ट्रेंच कार्य और सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया-

कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज पीपल पहाड़ी भाखा माल और अमदरी टोला अमरपुर में कंटूर ट्रेंच कार्य और सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मजदूरों से बातचीत की, मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को उक्त कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने और मजदूरी भुगतान संबंधी निर्देश दिए हैं।

## दीदी फिश पार्लर से स्व सहायता समूह की दीदी बनेंगी आत्मनिर्भर: कलेक्टर

### -कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग प्रांगण डिंडोरी में संचालित होगी दीदी फिश पार्लर

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर ने कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग डिंडोरी में मोटरसाईकिल विथ आइस बॉक्स वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि 'दीदी फिश पार्लर' से स्व सहायता समूह की दीदी बनेंगी आत्मनिर्भर बनेंगी। यह 'दीदी फिश पार्लर' कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग प्रांगण डिंडोरी में संचालित 'दीदी फिश पार्लर' होगा। इससे मछली पालकों एवं विक्रेताओं को रोजगार मिलेगा। महिलाएं आत्मनिर्भर बन स्वयं के परिवार का भरण पोषण करने के लिए मुनाफा कमाएंगी। दीदी फिश पार्लर से जुड़े मछली विक्रेता जिले के हाट बाजार में जाकर मार्केटिंग करेंगे। साथ ही डिमांड के आधार पर घरों में भी फिश डिलीवर करेंगे। आज इसी उद्देश्य से इन्हें मोटर साइकिल विथ आइस बॉक्स वितरण किया गया है।



इस कार्यक्रम में जिले के समस्त विकासखंड डिंडौरी के मछली पालक त्रिलोक सिंह यादव ग्राम बरछा, उमेश कुमार ग्राम रूसा माल, पंचराम ग्राम लाखो, पुसवा सिंह ग्राम बरछा, हरनाम ग्राम विचारपुर, बिहारी सिंह ग्राम विचारपुर, संतोष सिंह ग्राम बिछिया, श्रीमति पार्वती बाई ग्राम मडियारास, संभूलाल ग्राम रूसामाल एवं श्रीमति मुन्नी बाई ग्राम रूसामाल एवं विकासखंड समनापुर के मछली पालक राम सजीवन ग्राम पडरिया, सोनू ग्राम समनापुर, श्रीमति ईश्वरी बाई ग्राम देवलपुर, श्रीमति सरोज बाई ग्राम देवलपुर, श्रीमति हल्की बाई ग्राम बरगी, श्रीमति ओमवती परस्ते ग्राम बरगी, छोटू ग्राम पडरिया, श्रीमति राजेश्वरी नेटी ग्राम देवलपुर विकासखंड शहपुरा के मछली पालक दशरथ सिंह ग्राम कौड़िया, लखन सिंह ग्राम कौड़िया एवं विकासखंड बजाग के मछली पालक गवस्कर ग्राम रत्ना, धर्मेन्द्र ग्राम रत्ना, पुनीत कुमार महोबिया ग्राम रत्ना, मेरूलाल ग्राम मझियाखार और श्रीमति लक्ष्मी ग्राम संगमटोला इसी प्रकार विकासखंड करंजिया के मछली पालक श्रीमति फूलवती ग्राम रामनगर, श्रीमति भागवती ग्राम रामनगर, टोपाज सिंह ग्राम खन्नात को कुल 28 मछली पालक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत 28 मोटरसाईकिल विथ आइस बॉक्स का विरण किया गया है। जिसकी कुल राशि 11.55 लाख रूपये है। जिसमें अनुसूचित जाति के 3 हितग्राही, अनुसूचित जनजाति के 8 हितग्राही, 10 महिला हितग्राही एवं सामान्य वर्ग के 7 हितग्राहियों को वितरित की गई है।

बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में मोटर साईकिल विथ आइस बॉक्स गतिविधि में ईकाई लागत रूपये 75000/- है। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग के हितग्राहियों को 60 प्रतिशत राशि रूपये 45000/- एवं सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत राशि रूपये 30000/- अनुदान की पात्रता प्राप्त होगी। इस दौरान सहायक संचालक मत्स्य राकेश कुमार चंदेल, निरीक्षण हरीचरण विश्वकर्मा, निरीक्षक विशाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी और हितग्राही मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा और दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में 16 दिसम्बर से आरंभ हो रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के संबंध में कमिश्नर-कलेक्टर्स को मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आरंभ की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है। 26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन गणतंत्र दिवस पर होगा।

### सभी जिलों में यात्रा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारी की जाएं, कहीं पर भी यात्रा की औपचारिकता न पूरी करें। यात्रा के सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री स्वयं भी दिनांक 15 दिसम्बर को सभी जिलों के जनप्रतिनिधियों से यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में वर्च्युअल संवाद करेंगे। अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रूचि लेकर यात्रा में शामिल हों और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप सभी वंचित और पात्र व्यक्तियों तक यात्रा के लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा पहली कॉन्फ्रेंस बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

### बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों को यात्रा से जोड़ें, स्वस्थ जीवनशैली के लिए सभी को प्रेरित करें-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 16 दिसम्बर को उज्जैन से आरंभ हो रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में भाग लेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा में स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाशक्ति और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाएं। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' से फिट इंडिया के संदेश का भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हों और जनसामान्य को पर्याप्त पोषण तथा एक्सरसाइज की आवश्यकता की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोबाइल वैन के जिलों में भ्रमण के लिए रूट चार्ट तैयार करें और जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, स्थानीय विधायक सहित अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा की तैयारियों के संबंध में डिण्डौरी, जबलपुर और उज्जैन के जिला कलेक्टरों से चर्चा की।

### यात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कृषि कार्यों के लिये ड्रोन प्रदर्शन भी होगा-

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' जनहितैषी योजनाओं पर केन्द्रित है। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक मोबाइल वैन पहुँचेगी, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। यह वैन सभी नगरीय निकायों में भी जाएगी तथा पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ड्रोन प्रदर्शन द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### स्वास्थ्य मेला सहित विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे-

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, किसान, पशुपालक मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड के आवेदन लेने और बैंकों से समन्वय के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन, राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण और बंटवारा, कृषि, स्व-सहायता समूहों, पेंशन योजनाओं, आदिवासी विकास से संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### यात्रा में शामिल जनहितैषी योजनाएं-

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, क्रिसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी। शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वल योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टेंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, आरसीएस योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियाँ शामिल होंगी।

### यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी-

यात्रा के लिए जिला, जनपद और पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तथा वाहन प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ की पंचायत स्तर पर स्वागत समिति और उत्सव समिति का गठन भी होगा। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में क्रियान्वयन समिति गठित होगी। राज्य स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा राजस्व विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग समन्वय, मॉनीटरिंग आदि के लिए नोडल विभाग होंगे। भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी।



## पीएचई की टीम ने ग्राम बिजौरा के ग्रामवासियों में जगाई जल जागरूकता: होगा नल जल योजना का क्रियान्वयन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** ग्राम बिजोरा में विकासखंड डिंडोरी में ग्राम वासियों में पेयजल के जागरूकता के अभाव के कारण नल योजना का संचालन नहीं हो पा रहा था जिसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के. एस. कुसरे एवं सहायक यंत्री बिल्लू कोल के मार्गदर्शन में जिला सलाहकार बालमुकुंद परस्ते एवं विकासखंड समन्वयक रामनारायण गौतम के द्वारा ग्राम समुदाय का बैठक आयोजित कर आपसी सामंजस्यता एवं जागरूकता स्थापित कर नल जल योजना के पुनः संचालन करने पर सहमति बनी । ग्राम वासियों के द्वारा नल जल योजना के क्रियान्वयन हेतु जलकर न देने ,टुटफूट करने एवं पानी के दुरुपयोग से नाराज होकर पंप ऑपरेटर के द्वारा जलप्रदाय बंद कर दिया गया था तथा किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा जलप्रदाय में रुचि न लिए जाने के कारण काफी दिनों से नल जल योजना बंद स्थिति में रही जिसके लिए ग्राम समुदाय को नियमित जलकर भुगतान करने, पानी के दुरुपयोग रोकने का सपथ दिलाया गया बैठक के पश्चात ग्राम वासियों के साथ विभागीय टीम ने डोर टू डोर विजिट कर पेयजल स्रोतों एवं पेयजल टंकी के साफ सफाई हेतु स्थल मैं पहुंच कर रखरखाव की स्थिति को जाना ।ग्राम वासियों को पेयजल टंकी के आसपास साफ सफाई एवं सौंदर्य करण में रुचि दिखाने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया । विदित हो कि जिले के कलेक्टर महोदय के द्वारा शासकीय स्थलों के आस पास साफ सफाई एवं बागवानी के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है जिनके मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के टीम, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पेयजल टंकी के बाउंड्री वॉल के आसपास बागवानी स्थापित कर अच्छे फूल फलदार वृक्ष एवं सुंदर वृक्ष लगाए गए हैं जो लुभावने हैं । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के द्वारा भी आगामी समय में सौंदर्यीकरण के विकास में रुचि दिखाई गई है । बैठक में जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा धुर्वे, सरपंच श्रीमती चंपा धुर्वे , पंचगण,सचिव मदन धुर्वे,रोजगार सहायक सुरेश मरावी एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।




### प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 18 दिसंबर को

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश के तत्वाधान में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिंडौरी में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 18 दिसंबर 2023 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिसमें वर्धमान फ्रेबिक्स,बुधनी एवं स्किल विजन ऑर्गेनाइजेशन (एएलटीआईएस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड) कंपनियों के द्वारा 50-50 पदों पर अप्रेन्टिसशिप के लिए अवसर प्रदान किया जा रहा है। वर्धमान फ्रेबिक्स, बुधनी कंपनी की प्रतिभागियों के लिए योग्यता पांचवीं से बारहवीं उत्त्रीण, आईटीआई (मैकेनिकल व्यवसाय, मैकेनिक डीजल,मैकेनिक मोटर, फिटर) एवं स्किल विजन ऑर्गेनाइजेशन (एएलटीआईएस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड) कंपनी के लिए पांचवी से बारहवीं उत्तीर्ण, आईटीआई, पॉलिटेक्निक आवश्यक है।

**आवश्यकता है**

शासकीय प्राथमिक शाला डुलहरी विकास खंड मेंहदवानी जिला डिंडौरी में शिक्षण कार्य हेतु 1 अतिथि शिक्षक की आवश्यकता है इच्छुक योग्यताधारी 19 दिसंबर 2023 तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

शाला प्रबंधन समिति डुलहरी विख मेंहदवानी

हरिभूमि नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023

login : www.haribhoomi.com

[ करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल ]

## खबर संक्षेप

### 9 बसों का काटा चालान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गुरूवार को जिला परिवहन विभाग द्वारा बस स्टेंड नरसिंहपुर में बसों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 9 बसों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 8 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा मंगलवार को एक बस क्रमांक एमपी 49 पी 1205 में फिटनेस नहीं पाये जाने के कारण जब्त की गई। इस दौरान बस चालक व परिचालकों को यातायात नियमों के पालन करने की हिदायत दी गई।

### आज से प्रारंभ होंगे जिले में नसबंदी शिविर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में सरकारी अस्पतालों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर पुरूष एवं महिला नसबंदी (एनएसव्ही/ एलटीटी) शिविरों का आयोजन चालू दिसम्बर माह में किया जा रहा है। ये शिविर 30 दिसम्बर तक लगाये जायेंगे। इसमें एलटीटी/ एनएसव्हीटी सर्जन जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. नम्रता शुक्ला द्वारा फिक्स- डे स्टेटिक सेवा स्थल पर जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में नसबंदी ऑपरेशन प्रतिदिन किये जायेंगे। पुरूष/ महिला नसबंदी शिविर जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में लगाया जायेगा। इस शिविर के तहत 15 दिसम्बर को शहरी नरसिंहपुर, 16 व 18 दिसम्बर को ग्रामीण नरसिंहपुर, 19 दिसम्बर को करेली, 20 दिसम्बर को गोटेगांव, 21 दिसम्बर को करेली, 22 दिसम्बर को शहरी नरसिंहपुर, 23 दिसम्बर को गोटेगांव, 26 दिसम्बर को करेली, 27 दिसम्बर को गोटेगांव, 28 दिसम्बर को ग्रामीण नरसिंहपुर, 29 दिसम्बर शहरी नरसिंहपुर और 30 दिसम्बर को ग्रामीण नरसिंहपुर के हितग्राही शामिल होंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### मारपीट के दो आरोपियों को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुभम मोदी के न्यायालय द्वारा आरोपी गम्मत पिता संतू सिंह पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी. ढिगसरा थाना सुआतला जिला नरसिंहपुर को धारा-323 भा.दं.वि. दोषसिद्ध पाते हुये 3 माह का सश्रम कारावास एवं 1000/- रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया साथ ही एक अन्य आरोपी हेमंत पिता छोटेलाल किरार उम्र 55 वर्ष निवासी ढिगसरा थाना सुआतला जिला नरसिंहपुर को धारा-323 भा.दं.वि. दोषसिद्ध पाते हुये 3 माह का सश्रम कारावास एवं 1000/- रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### 'तैयारियों में जुटे बोर्ड कक्षाओं के छात्र'

**तेंदूखेड़ा-** इस वर्ष विगत वर्षों की अपेक्षाएं इस वर्ष कक्षा दसवीं बारहवीं की परीक्षाएं 5 फरवरी से प्रारंभ हो रहीं हैं जो 5 मार्च तक चलेंगीं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के कार्यक्रम अनुसार हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा 5फरवरी से 28 फरवरी तक तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा 6 फरवरी से 5 मार्च तक चलेंगीं। प्री बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी है। इन परीक्षाओं से मिलने वाले परीक्षा परिणामों को लेकर छात्रों के अध्यापन की पुनः तैयारी करेंगे। एक माह पूर्व संपन्न हो रहीं इन परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए छात्र छात्राएं जहां स्कूलों और कोचिंग क्लास के माध्यम अध्यापन करते हुए घरों में रिविजन करते हुए देखे जा रहे हैं। शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाने की दिशा में सजग दिखाई दे रहे हैं एवं प्रत्येक छात्र की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्कूलों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

# पूर्व सैनिकों के लिए रैली का हुआ आयोजन

## समाज में अपनी अलग पहचान बनायें पूर्व सैनिक : हनकारे

गुरुवार को लेफ्टिनेंट कर्नल आरवी हनकारे एडम कमांडेंट ग्रिनेंडियन रेजीमेंटल सेंटर जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में और प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में भव्य रैली का आयोजन गुरूवार को किया गया।





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।**

यह आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नरसिंहपुर के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, उपाध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल जेपी सिंह (सेनि), कर्नल अनिल भार्गव, मेजर स्वर्ण लता, मेडिकल अधिकारी, एमएच जबलपुर, दीपक कुमार एएओ एवं श्याम प्रकाश भास्कर एएओ, सीडीए इलाहाबाद, जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ लाल साहब, राम सिंह टेकाम, कल्याण संयोजक, एके शुक्ला, रामेश्वर नेमा, एचडी जोरोलिया एवं अन्य भूतपूर्व सैनिक मौजूद थे।

### पूर्व सैनिक समाज मे दे प्रेरणा

कार्यक्रम में केन्द्रीय सैनिक बोर्ड/ राज्य सैनिक बोर्ड/ मप्र शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल आरवी हनकारे एडम कमांडेन्ट, ग्रिनेंडियर रेजीमेन्टल सेंटर जबलपुर ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से कहा कि वे समाज में एक अपनी अलग पहचान बनायें, जिससे वे सभी को अपने साथ लेकर आगे बढ़ने में सक्षम हो सके। उन्होंने सेवानिवृति के बाद भी अपने परिवार एवं समाज के साथ अनुशासित तरह से चलने के लिये प्रेरित किया।

### शासन की योजनाओं का मिले लाभ

प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पूर्व सैनिकों की सेवा के दौरान देश के प्रति महत्वपूर्ण योगदान के लिये सराहना की। उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में स्थानीय प्रशासन के योगदान के लिए आश्वस्त किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को विस्तार से बताया। सभी भूतपूर्व सैनिकों को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से समय- समय पर सम्पर्क करने के लिये सलाह दी।

### सैनिकों के परिजनों का किया सम्मान

कार्यक्रम में अतिथियों ने आर्थिक रूप से कमजोर नान पेंशनर भूतपूर्व सैनिक/ स्व. सैनिकों की पत्नियों को 3 हजार रुपये की अनुग्रह राशि प्रदाय की। सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले तीन कलाकरों को शाल- श्रीफल एवं प्रशस्ती पत्र प्रदाने किये। कार्यक्रम में प्राथमिक उपचार, दंत चिकित्सा, नेत्र विशेषज्ञ, अभिलेख कार्यालय, ब्लड डोनेशन सिगनल रिकोर्ड, सीडीए- पेंशन इलाहाबाद के कैंप लगाये गये।



# स्कूली बच्चों को वितरित किए गर्म कपड़े

## गीत व कविताओं से बच्चों ने मोहा मन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।**

गुरूवार को सेवाभावी संस्था आल इंडिया लीनेस क्लब नरसिंहपुर संस्कार ने अपने लक्ष्य को गति देते हुये सिंहपुर के समीपस्थ ग्राम कोसमखेड़ा में सरकारी स्कूल में पहली से आठवी तक के बच्चों को गरम वस्त्र और जरूरत मंदो बुजुर्गो को कम्बल ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती अर्चना धुर्वे के मुख्य आतिथ्य एवं स्कूल स्टॉफ प्रधान पाठक विपिन उपमन्यु. श्रीमती शक्ति दुबे, राजेश तिवारी व हेमराज कतिया की उपस्थिति में प्रदान किए। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्तिपूर्ण कविताओं व कहानियों से भी का मन मोहा गया। क्लब की सदस्य मालती त्रिवेदी एवं अर्चना सोनी ने भी बुंदेली कविताओं व कहावतों से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। एरिया ऑफिसर ज्योति तिवारी ने आत्मरक्षा के गुर बताए। सचिव नीता शर्मा ने बाल संस्कार, शिक्षा एवं व्यवस्थित दिनचर्या के विषय में बताया। अध्यक्ष संध्या कोठारी ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य सरला निगम, सरोज शर्मा, कमला मिश्रा, कुमुद गप्ता, सुमन शर्मा, सुषमा तिवारी, रचना, वत्सला त्रिवेदी, गीता दुबे, मनीषा पुरोहित, ज्योति पचौरी, नंदिता चौबे, कुसुम राजपूत, बलजीत कौर आदि की उपस्थिति रही।

# साँई मंदिर की दसवीं वर्षगांठ पर उमड़ा भक्तों का समूह

## पूजन, महाप्रसादी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - करेली ।**



विगत दिवस को साँई रहम नजर करना, बच्चों का पालन करना, मेरे प्रिय साँई बाबा चरणों में जगह देना, जैसे भाव रख साँईभक्तों की लम्बी कतार श्री साँई बाबा के दर्शनों हेतु मालपानी नगर स्थित साँई मन्दिर में लगी रहीं। श्री साँई मंदिर की स्थापना की दसवीं वर्षगांठ 12 दिसंबर को मन्दिर जी में प्रातः कालीन बेला में श्री साँई कांकड आरती, महाभिषेक आदि किया गया तो अपरान्ह 12 बजे होने वाली मध्यान्ह आरती में भक्तों ने मन्दिर पहुंच कर बाबा का आशीर्वाद लिया। श्री साँई मंदिर में प्रातः 9 बजे बाबा की अष्टधातु की प्रतिमा व महाकालेश्वर भगवान का महाभिषेक किया गया। तदोपरान्त कपूर आरती की गई। मन्दिर के प्रधान पुजारी पं.अभिषेक शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि- विधान के साथ पूजन- अर्चन किया गया। पूजन अर्चन मुख्य यजमान ने किया। श्री साँईबाबा के जयकारों से समूचा परिसर गुंजायमान रहा, संध्या समय होने वाली धूप आरती में भक्तों ने भाव- विभोर हो आरती कर वन्दना आराधना की गई। रिकार्डेड भजनों की धुन पर सभी के दिलों में साँई आस्था के दीप प्रज्वलित किये। श्री साँई मंदिर वर्षगांठ अवसर पर मालपानी नगर स्थित मंदिर परिसर में हलुआ व चने का वितरण महाप्रसादी के रूप में किया गया। सांयकाल होने वाली धूप आरती में भक्तो ने पहुँच कर साँई की महिमा का गुणगान किया तो सारा मंदिर परिसर जगमग रोशनी से अपनी अनुपम छटा बिखेरता रहा रात्रि 9:30 बजे श्री साँई बाबा की शेजारती के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। नगर के श्रृद्धालु जनो ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री साँईनाथ मानव सेवा संस्थान परिवार के सभी सदस्यों ने समस्त साँईभक्तों, नगरवासियों का आभार प्रकट किया।

# अभियान के तहत 3 दिन में 23 बसों एवं 325 अन्य वाहनों के कटे चालान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर नरसिंहपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के के तहत स्कूल, हाट बाजारों, गांवों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात पुलिस की टीम द्वारा आमजनों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जाकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईस दी जा रही है। जिला अंतर्गत दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों को ब्लैक स्पाट घोषित कर वहां सचेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। सीमित गति रखने के लिए स्टापर, जिगजैग, रमलर ब्रेकर बना जाएंगे, मोड़, डिवाइडर समेत खतरनाक स्थानों पर रेडियम पट्टी लगाई जाएगी एवं वर्तमान में जिले में गन्ने की ढुलाई हेतु चलने वाले ट्रेक्टरों में भी रेडियम पट्टी लगाई जा रही है। थाना प्रभारी, यातायात निरीक्षक जितेन्द्र गढवाल, सूबेदार पुष्पराज सिंह यादव एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान के तहत विगत तीन दिन में जिला अंतर्गत चलने वाली बसों को चेक किया गया जिसमें दस्तावेज एवं वाहनों में कमी पाये जाने पर 23 बसों के चालान काट गये एवं अन्य 325 वाहनों के चालान काटे जा चुके है। पुलिस टीम द्वारा वाहन चालक एवं संचालकों को हिदायत भी दी गयी कि वाहन के समस्त दस्तावेज तत्काल पूर्ण किये जावे एवं उनमें पायी कमियों को दूर करें अन्यथा भविष्य में कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। अभियान के तहत जिला अंतर्गत चलने वाली बसों, स्कूली वाहन एवं अन्य प्रकार के माल वाहक के चालकों की मेडीकल फिटनेस जांच करायी जावेगी ताकि जिला अंतर्गत होने वाली सडक दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।



# उप निर्वाचन हेतु स्टैंडिंग बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।**

जिले में नगरीय निकाय करेली के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पद, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 4, ग्राम पंचायत गुंदरई के सरपंच व अन्य 8 पंच पद, जनपद पंचायत नरसिंहपुर के ग्राम पंचायत जरजौला, मुंगवानी के रिक्त हुए सरपंच पद तथा अन्य पंचायतों में कुल 12 पंचो, जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत 03 पंच, चांवरपाठा के 02 पंच व सांईखेडा के एक पंच पद के लिए के पद के लिए नगरीय निकाय/ पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध)- 2023 होना है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार चौरसिया, संबंधित रिटर्निंग आफीसर तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रोफेसर राजहंस, अमितेंद्र नारौलिया भाजपा, प्रेमनारायण जाटव बीएसपी, शेलेन्द्र राजपूत जनपद अध्यक्ष नरसिंहपुर, जनपद उपाध्यक्ष कन्छेदीलाल मौजूद थे।

# स्वास्थ्य संबंधी मॉक ड्रिल का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में पीएएन- मध्यप्रदेश ड्रिल की विश्व स्वास्थ्य संगठन- डब्ल्यूएच ने मई- 2023 में कोविड- 19 महामारी को आपातकालीन अंतर्राष्ट्रीय लोक स्वास्थ्य चिंता की स्थिति से वापस ले लिया है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भविष्य में किसी भी लोक स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी बनाय रखें। सभी जिलों को स्वास्थ्य सुविधा के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा वितरण क्षमताओं की तैयारी को मजबूत रखने के लिए यह आवश्यक है कि स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की निगरानी और मॉनीटरिंग जारी रखें। इस संबंध में 13 से 17 दिसम्बर को देश की सभी स्वास्थ्य सुविधाओं (पब्लिक और निजी दोनों) में एक अखिल भारतीय ड्रिल- पीएएन इंडिया ड्रिल आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस ड्रिल का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना है। इस ड्रिल के दौरान मापदंडों पर गतिविधियों केंद्रित करेंगे। मापदंडों के अनुसार सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में उक्त ड्रिल आयोजित होनी चाहिए। बिस्तर की क्षमता आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन समर्थित आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर समर्थित बेड की संख्या। उपलब्ध मानव संसाधन जैसे डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स, आयुष डॉक्टर, आशा सहित अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ता आदि। मानव संसाधन क्षमता में हेल्थकेयर पेशेवरों को कोविड- 19 प्रबंधन, वेंटिलेटरी प्रबंधन प्रोटोकॉल, मेडिकल ऑक्सीजन के तर्कसंगत उपयोग एवं पीएसए संयंत्रों के संचालन में प्रशिक्षित किया गया हो आदि। यह ड्रिल संबंधित जिला कलेक्टरों/ जिला मजिस्ट्रेटों के मार्गदर्शन में दिनांक 14 एवं 15 दिसंबर 2023 में किया जाएगा। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ समन्वय में काम कर रहे जिला निगरानी अधिकारी (डीएसओ) सभी जिलों का स्वास्थ्य संस्थावार डाटा दिनांक 15 दिसंबर 2023 की शाम तक राज्य के साथ साझा करेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।